मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 255
शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासन को विपक्ष तो जंगलराज बताता ही है साथ ही समय समय पर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय की टिप्पणियों से भी राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते रहे हैं। अब दो चरणों में कराये जा रहे विधानसभा चुनावों के बीच उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था के पूरी तरह पटरी से उतरने संबंधी जो टिप्पणी की है वह ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार और उनकी पार्टी के लिए करारा झटका है। अदालत की टिप्पणी से ममता बनर्जी के शासन पर गंभीर सवाल उठे हैं। अदालत ने न केवल राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि इसे कानून व्यवस्था की पूर्ण विफलता बताते हुए शीर्ष अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

हम आपको बता दें कि यह मामला उस समय सामने आया जब विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मतदाता सूचियों की समीक्षा कर रहे सात न्यायिक अधिकारियों को मालदा जिले में कई घंटों तक घेर कर रखा गया। इनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल थीं। बताया गया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे, उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को बाहर निकलने नहीं दिया। यह घटना दोपहर बाद शुरू हुई और देर रात तक चली, जिससे प्रशासन की तैयारी और तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस पूरे प्रकरण को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और सुनियोजित बताया। अदालत ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं था, बल्कि न्यायिक अधिकारियों को मानसिक रूप से डराने और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास था। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ



में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

अदालत ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? न्यायालय ने यह भी कहा कि यह राज्य सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि पहले से सूचना होने के बावजूद अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

इस घटना के बाद अदालत ने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए हैं। चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया है कि वह केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित करे ताकि न्यायिक अधिकारी सुरक्षित माहौल में अपना कार्य कर सकें। साथ ही जिन अधिकारियों को खतरा महसूस हो रहा है, उनके घरों पर भी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान भीड़ को सीमित रखा जाए और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

हम आपको बता दें कि मालदा की घटना का विवरण काफी चिंताजनक है।

विरोध प्रदर्शन कलियाचक क्षेत्र के एक कार्यालय के बाहर शुरू हुआ था, जहां लोगों ने अधिकारियों से मिलने की मांग की। अनुमति न मिलने पर भीड़ ने कार्यालय को घेर लिया और सड़कों को जाम कर दिया।

इस दौरान कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। देर रात जब अधिकारियों को निकाला गया तो उनके वाहनों पर पथराव और हमले की भी खबरें सामने आईं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और मुख्यमंत्री के बयानों से माहौल और बिगड़ा है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत बताया है। अब सवाल यह है कि इस फैसले का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा, देखा जाये तो यह घटना और अदालत की सख्त टिप्पणी राज्य सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। चुनावी माहौल में कानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बन सकता है, जिसका विपक्ष पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। देखा जाये तो सर्वोच्च न्यायालय की यह सख्ती एक संदेश भी है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा या डराने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राज्य सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है और इसका राजनीतिक समीकरणों पर कितना असर पड़ता है।

## पीएम मोदी की बी-टीम हैं केरल सीएम विजयन': प्रियंका गांधी

**केरल, 02 अप्रैल।** चिरायिनकीझू में एक जनसभा के दौरान, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल के लोगों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भारत की सच्ची भावना का प्रतीक बताया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा, समानता और करुणा की राज्य की परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह नारायण गुरुजी जैसे क्रांतिकारी विचारकों की भूमि है। वे महात्मा गांधी जी के महान प्रेरणास्त्रोतों में से एक थे और कई मायनों में, आप आज भी उनकी परंपराओं को जी रहे हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अच्छी शिक्षा, समानता, एक-दूसरे के प्रति प्रेम और करुणा की परंपराएं। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि केरल की भावना ही भारत की सच्ची भावना है।

गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति की आलोचना



की और कहा कि उनकी गैरमौजूदगी से संकेत मिलता है कि वे इस चर्चा को महत्वपूर्ण नहीं मानते। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा थी जो होनी ही थी, लेकिन उन्होंने वहां न आने का विकल्प चुना। वे स्पष्ट रूप से इसे उतना महत्वपूर्ण नहीं समझते। गांधी लोकसभा में वायनाड का प्रतिनिधित्व करती हैं।

अटिंगल संसदीय क्षेत्र का हिस्सा चिरायिनकीझु पिछले तीन विधानसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) के पास रहा है।

## पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सहित एक की मौत, तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला

**सोनीपत , 02 अप्रैल।** सोनीपत से गुजरने वाले ईस्टर्न पेरिफेल एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेता खुशबाज जाटान और उनके कार चालक की मौत हो गई, जबकि एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा जखोली टोल प्लाजा के पास हुआ, जहां Land Rover Defender कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार का टायर पंचर हो गया था, जिसके बाद खुशबाज जाटान अपने ड्राइवर और गनमैन के साथ गाड़ी रोककर टायर बदलने के बाद पंचर लगवाने के लिए खड़े थे। इसी



दौरान तेज गति से आए ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।इस भीषण हादसे में खुशबाज जाटान और उनके ड्राइवर परममिंदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पंजाब पुलिस के सिपाही करनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए, जो अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।बताया जा रहा है कि खुशबाज जाटान साल 2022 में बठिंडा के तलवंडी साबो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके थे और पंजाब सरकार में चेयरमैन के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। हादसे के समय वे दिल्ली से महत्वपूर्ण बैठकों के बाद पंजाब लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कल सोनीपत के सिविल अस्पताल में किया जाएगा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश के साथ-साथ पूरे हादसे की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## 'सरकार बनी तो खत्म करेंगे भेदभावपूर्ण कानून', सीएपीएफ' बिल पर राहुल गांधी का बड़ा वादा

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के खिलाफ भेदभाव को कानूनी रूप से लागू करने का आरोप सरकार पर लगाया है। गांधी ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी पार्टी इस 'भेदभावपूर्ण कानून' को रद्द कर देगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीएपीएफ कर्मियों को नेतृत्व के वे अवसर मिलने चाहिए जो पहले आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित थे।

एक वीडियो बयान में गांधी ने सहायक कमांडेंट अजय मलिक के मामले का जिक्र किया, जो सेवा के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मलिक के बलिदान के बावजूद, गांधी ने सीएपीएफ कर्मियों की पदोन्नति से व्यवस्थित रूप से वंचित किए जाने की बात पर प्रकाश डाला, जिसमें शीर्ष पद अक्सर आईपीएस अधिकारियों को दिए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप संस्थागत अन्याय होता है। राहुल का कहना है कि उन्होंने बुधवार को सरकार से आग्रह किया था कि वह इस विधेयक पर सदन में बोलना चाहते हैं, ऐसे में इसे पारित करवाने की तिथि थोड़ा आगे-पीछे कर दी जाए, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि वह इस विषय पर बोलें। लोकसभा में बृहस्पतिवार को इस विधेयक पर चर्चा होगी।

राज्यसभा ने बुधवार को विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सरकार का कहना है कि यह



कानून बनने के बाद इन बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी। राहुल गांधी ने पिछले दिनों सीआरपीएफ के एक घायल जवान से मुलाकात का उल्लेख करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक जी ने नक्सली मुठभेड़ के दौरान आईईडी विस्फोट में अपना एक पैर खो दिया, देश की रक्षा में सब कुछ दांव पर लगा दिया। और इस बलिदान के बदले मिला क्या? उन्होंने कहा कि 15 साल से अधिक की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद, पदोन्नति नहीं, अपनी ही बल का नेतृत्व करने का अधिकार नहीं, क्योंकि सभी शीर्ष पद आईपीएस अफसरों के लिए आरक्षित हैं। यह सिर्फ एक अफसर की पीड़ा नहीं, यह लाखों सीएपीएफ जवानों के साथ हो रहा संस्थागत अन्याय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये जवान सीमाओं पर तैनात रहते हैं, आतंक और नक्सलवाद से लोहा लेते हैं, लोकतंत्र के उत्सव चुनावों को सुरक्षित बनाते हैं। लेकिन जब इनके अधिकार और सम्मान की बात आती है, तो व्यवस्था मुंह फेर लेती है। उन्होंने दावा किया कि खुद सीएपीएफ के जवान इस भेदभाव के विरुद्ध हैं, उच्चतम न्यायालय तक ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, फिर भी, वर्तमान सरकार इसी अन्याय को कानूनी रूप से स्थायी बनाने पर आमादा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विधेयक केवल एक करियर को अवरुद्ध करने का प्रयास नहीं, यह उन लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश है जो देश की पहली रक्षा पंक्ति हैं। और जब उनका मनोबल टूटता है, तो राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव हिलती है। उन्होंने कहा, हम सीएपीएफ के जवानों का सम्मान सिर्फ शब्दों में नहीं, नीतियों में करते हैं। कांग्रेस का साफ वादा है कि हमारी सरकार आते ही यह भेदभावपूर्ण कानून समाप्त होगा, क्योंकि जो देश के लिए लड़ता है, उसे नेतृत्व का अधिकार मिलना ही चाहिए।

## आप कार्यकताओं पर हो रही सुनियोजित कार्यवाही: अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पार्टी कार्यकताओं के खिलाफ सुनियोजित कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पटेल के साथ बैठक का अनुरोध किया। केजरीवाल ने पत्र में गुजरात में पिछले तीन महीनों में दर्ज 145 प्राथमिकी और 160 से अधिक गिरफ्तारियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं को निशाना बना रही है।

उन्होंने लिखा, लोगों को आप के रूप में पहली बार एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प मिला है। लोग जानते हैं कि आम आदमी पार्टी पढ़े-लिखे, बेखौफ, ईमानदार और देशभक्त व्यक्तियों की पार्टी है, जो



भाजपा से कभी समझौता नहीं करेगी।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकित्सा उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध



## कैलिफोर्निया में भूकंप के जोरदार झटके, आधी रात को नींद से जागे हजारों लोग

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में गुरुवार तड़के 4.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोग अचानक नींद से जाग गए। यह झटका करीब 160 किलोमीटर के क्षेत्र में महसूस किया गया, जिसमें सैन फ्रांसिस्को भी शामिल है। भूकंप का केंद्र बौल्डर क्रीक के पास सैंटा क्रूज पहाड़ियों में था। यह घटना सुबह करीब 1:40 बजे हुई। कई लोगों ने बताया कि पहले उनके फोन पर अलर्ट आया और फिर बिस्तर व खिड़कियां हिलने लगीं।

अभी तक किसी बड़े नुकसान या घायल होने की खबर नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW




SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
• Std. XI & XII (Sci.)
• NEET
• JEE (Main & Advance)
• MHT-CET
• Polytechnic & Engg
• Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल



-ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है-मातृदेवो भव, पितृदेवो भव केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में



आता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं।

यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं।

इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है।

इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा, लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा।

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज नया भारत और विकसित भारत की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग-बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।

अतः आवश्यक है कि हम तीन स्तरों पर कार्य करें-पहला, सरकार और कानून बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। दूसरा, समाज में माता-पिता के सम्मान और सेवा के संस्कार विकसित किए जाएं। तीसरा, परिवार के भीतर माता-पिता और बच्चों के बीच संतुलित और संवादपूर्ण संबंध स्थापित किए जाएं। यदि ये तीनों स्तर मजबूत हो जाएं, तो न केवल बुजुर्गों का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक होगा, बल्कि परिवार संस्था भी मजबूत होगी और समाज में मानवीय संवेदनाएं जीवित रहेंगी। निश्चिततौर पर कहा जा सकता है कि माता-पिता केवल परिवार का हिस्सा नहीं होते, वे परिवार की जड़ होते हैं। यदि जड़ कमजोर होगी, तो वृक्ष भी कमजोर होगा। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा केवल एक पारिवारिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और सभ्यता की परीक्षा है। जो समाज अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता, वह कभी महान नहीं बन सकता।

# ज्ञान, शब्द और समाज के सेतुः प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी का विराट व्यक्तित्व

3 अप्रैल का दिन केवल एक जन्मतिथि नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व का उत्सव है जिसने शिक्षा, साहित्य और समाज–तीनों क्षेत्रों में अपनी गहरी छाप छोड़ी है। प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी आज एक ऐसे नाम हैं, जो ज्ञान, कर्म और सृजनशीलता के त्रिवेणी संगम के रूप में स्थापित हो चुके हैं। वे एक शिक्षक, साहित्यकार, विचारक, प्रशासक, मार्गदर्शक और समाजसेवी–सभी रूपों में समान रूप से सक्रिय और प्रभावशाली हैं।

**प्रारंभिक जीवनः मिट्टी से जुड़ी जड़ों की ताकत**

प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी का जन्म 3 अप्रैल को अयोध्या क्षेत्र के कमालपुर मुबारकपुर (वर्तमान अंबेडकर नगर जिला) में हुआ। एक साधारण ग्रामीण परिवेश में जन्म लेने के बावजूद उनके भीतर असाधारण बनने की जिजीविषा बचपन से ही दिखाई देती थी।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में हुई, जहाँ सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आगे की शिक्षा श्री ललनजी ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज, भरतपुर से हाई स्कूल और श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजसुल्तानपुर से इंटरमीडिएट के रूप में पूरी की।

यह वही दौर था, जब उन्होंने यह तय कर लिया था कि शिक्षा ही उनके जीवन का मूल आधार बनेगी।

**उच्च शिक्षाः ज्ञान की निरंतर साधना**

उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने मुंबई का रुख किया–एक ऐसा शहर जो संघर्ष और अवसर दोनों का संगम है। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से पीएचडी तथा आगरा विश्वविद्यालय से डी.लिट् की उपाधि प्राप्त की।

पाँच विषयों में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त करना उनकी बौद्धिक जिज्ञासा और बहुआयामी अध्ययन का प्रमाण है। वे केवल डिग्रियों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने ज्ञान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया।

ज्ञान का वास्तविक अर्थ है–स्वयं को विकसित करना और समाज को दिशा देना।

**शिक्षण और शोधः एक समर्पित गुरु की पहचान**

वर्तमान में श्री जेजेटी विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के प्रोफेसर एवं शोधाचार्य के रूप में कार्यरत डॉ. तिवारी ने शिक्षा को केवल पेशा नहीं, बल्कि साधना के रूप में अपनाया है।

उनके मार्गदर्शन में अब तक 22 शोधार्थियों ने पीएचडी प्राप्त की है। वे महाराष्ट्र राज्य शिक्षा बोर्ड के सदस्य भी हैं, जहाँ वे शिक्षा की गुणवत्ता और दिशा को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

उनकी कक्षाओं में केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन पढ़ाया जाता है। वे विद्यार्थियों को यह सिखाते हैं कि–

शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण है।

साहित्यिक अवदानः शब्दों में समाज की चेतना

डॉ. तिवारी का साहित्यिक संसार अत्यंत व्यापक और गहन है। उनकी अब तक 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें–

साहित्य का समासास्त्र
हिंदी कहानीः विवेच आयाम
हिंदी कहानीः विवेच विमर्श



**भारतीय और पाश्चात्य समीक्षा के मूल्य**

हिंदी व्याकरणः काशी के शंकर
विशेष रूप से चर्चित रही हैं।

इन कृतियों में उन्होंने साहित्य के विविध पक्षों–आलोचना, व्याकरण, कथा और तुलनात्मक अध्ययन–को गहराई से प्रस्तुत किया है।

अब तक उनके 3000 से अधिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। पिछले पाँच वर्षों से वे प्रतिष्ठित अखबारों में नियमित फीचर लेखन कर रहे हैं।

लेखन वह शक्ति है, जो समाज को सोचने और बदलने के लिए प्रेरित करती है।

**सम्मान और उपलब्धियाँः साधना का प्रतिफल**

डॉ. तिवारी को महाराष्ट्र राज्य साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान की सामाजिक स्वीकृति है।

इसके अलावा, उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, जो उनकी व्यापक पहचान को दशार्ता है।

**तिवारी सरस्वती क्लासेजः शिक्षा से परिवर्तन की पहल**

डॉ. तिवारी तिवारी सरस्वती क्लासेज के डायरेक्टर हैं–एक ऐसी संस्था, जिसने हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा दी है।

इस संस्था के माध्यम से–
लगभग 500 डॉक्टर
साढ़े तीन हजार इंजीनियर
तैयार हो चुके हैं।

लगभग 200 विद्यार्थी विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

यह उपलब्धि केवल संख्या नहीं, बल्कि एक दृष्टि का परिणाम है–एक ऐसा सपना, जिसमें हर विद्यार्थी सफल हो।

हर विद्यार्थी में एक प्रतिभा छिपी होती है, शिक्षक का काम उसे पहचानना है।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभाव**

डॉ. तिवारी NRI Association Australia और World NRI Association, Melbourne के बौद्धिक प्रमुख हैं।

उन्होंने केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर हिंदी भाषा और भारतीय विचारधारा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है।

उनकी यह भूमिका उन्हें एक वैश्विक चिंतक के रूप में स्थापित करती है।

**सामाजिक और संस्थागत योगदान**

वे महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष हैं और अनेक सामाजिक संस्थाओं में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

मध्य रेलवे के DRUCC सदस्य के रूप में वे जनसुविधाओं के मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं।

गृह मंत्रालय के भाषा विभाग में सदस्य के रूप में उनका योगदान हिंदी के संवर्धन में महत्वपूर्ण है।

उनका मानना है कि–
समाज की सेवा ही सच्चे ज्ञान की पहचान है।

**राजनीतिक और वैचारिक दृष्टिकोण**

डॉ. तिवारी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से जुड़े रहे हैं और प्रवक्ता के रूप में भी सक्रिय रहे हैं।

उनका यह जुड़ाव वैचारिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है–जहाँ राष्ट्र निर्माण, शिक्षा सुधार और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण प्रमुख है।

व्यक्तित्वः संतुलन, संवेदनशीलता और नेतृत्व

डॉ. दयानंद तिवारी का व्यक्तित्व बहुआयामी है–
एक गहन विचारक
एक प्रभावशाली वक्ता
एक संवेदनशील लेखक
एक दूरदर्शी शिक्षाविद
और एक सक्रिय समाजसेवी

इन सभी गुणों का संतुलन उन्हें एक विशिष्ट पहचान देता है।

**परिवारः मूल्यों का आधार**

डॉ. तिवारी एक सफल पारिवारिक व्यक्ति भी हैं। उनके तीन बच्चे हैं और उन्होंने अपने परिवार में भी शिक्षा, संस्कार और संतुलन का वातावरण बनाए रखा है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि व्यावसायिक सफलता के साथ पारिवारिक संतुलन भी संभव है।

**जीवन दर्शनः शिक्षा, सेवा और सृजन**

डॉ. तिवारी का जीवन तीन मूल स्तंभों पर आधारित है। शिक्षा, सेवा और सृजन।

वे मानते हैं कि यदि ज्ञान समाज के काम न आए, तो उसका कोई मूल्य नहीं।

**एक व्यक्ति नहीं, एक संस्था**

प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि समर्पण, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी व्यक्ति समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

वे एक ऐसे प्रकाश स्तंभ हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को मार्ग दिखाते हैं।

चार पंक्तियों की कविता

ज्ञान की ज्योति जलाते रहे,
शब्दों से पथ दिखलाते रहे।
तिवारी जी एक प्रेरणा बन,
हर दिल में दीप जगाते रहे॥

**लेखकः ओम प्रकाश प्रजापति**
**संपादक, उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)**

# वामपंथी उग्रवाद को हराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई



अशोक भाटिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में घोषणा की कि भारत लगभग माओवादी मुक्त हो चुका है, और उग्रवाद की केंद्रीय और राज्य स्तरीय नेतृत्व संरचनाएं काफी हद तक ध्वस्त हो चुकी हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि पिछले तीन वर्षों में 4,839 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि शीर्ष समिति के सदस्य या तो मारे गए हैं या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। घोषणा होते ही लोकसभा सदस्यों द्वारा अमित शाह द्वारा की गई इस घोषणा का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और राहुल गांधी तथा कांग्रेस की नक्सलवादियों को वैचारिक समर्थन देने के आरोप में आलोचना भी की। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि देश को जल्द ही वामपंथी उग्रवाद की दीर्घकालिक चुनौती से आधिकारिक तौर पर मुक्त घोषित कर दिया जाएगा।

इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई समय सीमा मंगलवार, 31 मार्च को समाप्त हो गई, जिसमें केवल कुछ नक्सली जंगल में बचे थे, वह भी नेतृत्वविहीन राज्य में। समय सीमा के बारे में दरअसल देखा जाय तो किसी समस्या से उत्पन्न होने वाली हिंसा को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को, पुलिस को समय देने में कोई बुराई नहीं है। ये सही है कि जब तक उन्हें ऐसा टारगेट टास्क नहीं दिया जाता है, तब तक उनके ऑपरेशन को तेज नहीं किया जा सकता है, लेकिन क्या ये कहा जा सकता है कि तय समय सीमा में लक्ष्य हासिल करने के बाद भी समस्या खत्म हो जाती है? सवाल नक्सल आंदोलन पर लागू होता है, जो लंबे समय से देश में है और अब सरकार बनने पर है। महानिदेशक के मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में विजयकुमार ने नक्सल नरसंहार का श्रेय शाह के साथ-साथ चिदंबरम को भी दिया. उनके अनुसार, इस आंदोलन में कांग्रेस और भाजपा दोनों की केंद्र की सरकारों द्वारा दिखाई गई निरंतरता सराहनीय है। रिजर्व बल के पूर्व महानिदेशक, के. दुर्गा प्रसाद ने भी मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि नक्सलियों का खात्मा होना अच्छी बात है, लेकिन अपने प्रभाव क्षेत्र के लोगों को विकास की प्रक्रिया में लाना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर काफी काम करना होगा।

पश्चिम बंगाल में नक्सली विद्रोह को कुचलने के लगभग 45 साल बाद, नक्सलियों ने समाज में सामाजिक और आर्थिक असमानता और सरकार और अमीरों द्वारा किए गए अन्याय के आधार पर दंडकारण्य में प्रभाव पैदा किया। क्या यहां रहने वाले आदिवासी विकास की मुख्यधारा में आ गए हैं? क्या इस दौरान इस क्षेत्र में सरकार की सक्रियता से सामाजिक जीवन में कोई फर्क पड़ा? बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास ये पांच चीजें हैं जो विकास को गति देने के लिए जरूरी हैं। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने एक सर्वे किया। इसके मुताबिक 92 फीसदी मीडिया को नहीं पता कि आजादी क्या होती है। बहुत से लोग भाषा और संवैधानिक अधिकारों के बारे में नहीं जानते हैं। इस बात का अंदाजा नहीं है कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी गलती करता है तो उसे शिकायत करनी पड़ती है। 60 प्रतिशत माड़ियों को इस बात की जानकारी नहीं है कि स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है। इसके लगभग 48 प्रतिशत निवासियों के पास सरकारी पहचान पत्र नहीं है। मुख्य रूप से वन खेती पर निर्भर इस जनजाति की वार्षिक आय 30,000 रुपये से कम है। हालांकि सर्वे का दायरा दक्षिण गढ़चिरौली तक ही सीमित है, लेकिन इस बात की संभावना नहीं है कि स्थिति अन्य जगहों से बहुत अलग है। बस्तर और अबुजमद गढ़चिरौली से भी ज्यादा पिछड़े हैं। इन सभी क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या बड़ी है। इस पृष्ठभूमि में, यदि हम नक्सलवाद के अंत को देखें, तो यह आसानी से महसूस किया जा सकता है कि नवीनतम सफलता के बाद भी शासकों के सामने चुनौती कितनी कठिन है। नक्सलियों की मौजूदगी विकास में मुख्य बाधा थी और अब जब इसे खत्म कर दिया गया है तो सरकार दावा कर सकती है कि यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा में आएगा। इसे स्वीकार करने से पहले कुछ और बातों का ध्यान रखना होगा। नक्सलियों का रिट्रीट 2012 में शुरू हुआ और देश के 100 जिलों में उनका प्रभाव धीरे-धीरे घटकर 40 रह गया और पिछले दो साल में यह संख्या घटकर एक अंक में आ गई है। सरकार के लिए उन क्षेत्रों में विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना संभव है जहां नक्सलियों ने वर्षों से अपनी उपस्थिति खो दी है। ऐसा क्यों नहीं हुआ? नक्सली भूपति ने हाल ही में कहा था कि यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए दो कानून झ 'वन अधिकार' और 'पेसा' आंदोलन के विकास में मुख्य बाधा थे। इन कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू क्यों नहीं किया गया? 2014 के बाद ये दो कानून हैं जो गांवों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हैं। गृह मंत्री के रूप में चिदंबरम ने नक्सल विरोधी अभियान चलाते हुए लगातार कानून और व्यवस्था और विकास दोनों पर ध्यान केंद्रित किया, नक्सल प्रभावित जिलों को सीधे फंड दिया, जो भाजपा के सत्ता में आने के बाद बंद हो गया और केंद्र ने विकास का मुद्दा राज्य पर छोड़ दिया। पिछले तीन वर्षों में दूर-दराज के क्षेत्रों में ढाई सौ से अधिक सुरक्षा बलों की स्थापना की गई है और सुरक्षा बलों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और उन्होंने नक्सलियों को पकड़ने या आत्मसमर्पण करने के अवसर का लाभ उठाया है। लेकिन इसी दौरान खनिज अन्वेषण में सरकार की प्राथमिकता देखी गई। इसे सुरक्षित रूप से करने के लिए, उन गांवों में 80 फुट सड़कें बनाई गईं जहां गांव नहीं थे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि लोहे और अन्य खनिजों का खनन औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन खदानों को पूरे क्षेत्र के विकास के रूप में चित्रित करना न केवल पूरी तरह से गलत है बल्कि प्रकृति की पूजा करने वाले आदिवासियों के जीवन के तरीके पर भी अतिक्रमण करता है। यह सच है कि कुशल और अकुशल हाथों को काम मिलता है, लेकिन इससे चुनिंदा लोगों के हित नहीं होते हैं और बड़ा वर्ग इससे वंचित रहता है। इस समूह को रोजगार योग्य बनाने के लिए स्कूलों की जरूरत है, स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य केंद्र, स्वच्छ पेयजल, आर्थिक विकास के लिए पारंपरिक कृषि में बदलाव की जरूरत है। क्या उद्योगों के कारण पेड़ों की कटाई और इन सब से होने वाले प्रदूषण, प्रकृति पूजा व्यवस्था को लगे झटके, आदिवासियों का विकास होगा या विनाश? सरकार द्वारा अपनाई गई विकास की वर्तमान अप्रोच आदिवासियों को एक और संकट में धकेल रही है, यह सब ठीक है, लेकिन कोई योजना नजर नहीं आ रही है। यह उम्मीद करना गलत है कि शिक्षा की कमी के कारण शहरी क्षेत्रों में बदलाव के साथ-साथ पिछड़े क्षेत्रों का विकास भी होगा। इसका कारण आर्थिक आय है। इसलिए सरकार को नक्सल मुक्ति का जश्न जरूर मनाना चाहिए, लेकिन जो आदिवासी आज भी अपनी संस्कृति को संरक्षित कर रहे हैं और जंगल बचा रहे हैं, उनके मामले में शहरी विकास के मॉडल पर चलने के बजाय सतत विकास की सोच अपनानी चाहिए। नक्सलियों के खात्मे के बाद अगर खुदाई से जंगल नष्ट नहीं होते हैं तो यह नक्सली मुक्ति सार्थक होगी।

# होर्मुज की लहरों में डूबता सुपर पावर का गुमान और हार को जीत बताता ट्रंप का प्रलाप

इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि युद्ध के मैदान में जब बंदूकें खामोश होने लगती हैं, तब झूठ के नगाड़े सबसे जोर से बजते हैं। आज फारस की खाड़ी के तपते पानी में जो कुछ घट रहा है, वह किसी हॉलीवुड थ्रिलर से कम नहीं है, लेकिन इस पटकथा का अंत वैसा नहीं है जैसा वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस में बैठकर लिखा गया था। युद्ध में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसे आंकने का पैमाना कभी भी मिसाइलों की संख्या या मलबे का ढेर नहीं होता। इसका सबसे सटीक पैमाना यह है कि शांति की भीख सबसे पहले किसने मांगी। आज जब हम अप्रैल 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो दुनिया देख रही है कि जिस ईरान को प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़कर घुटनों पर लाने का दावा किया गया था, वह आज तनकर खड़ा है और दुनिया का स्वयंभू थानेदार अब एग्जिट गेट की तलाश में हाथ-पांव मार रहा है।



-अजय कुमार

इस पूरी कहानी को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर साल 2025 के उस ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को देखना होगा, जिसने उपमहाद्वीप के सैन्य इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत ने जब अपनी सीमा पार कर आतंकवाद के फनों को कुचला, तो वह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक संदेश था। वह संदेश यह था कि शक्ति प्रदर्शन चीखने-चिल्लाने से नहीं, बल्कि सटीक प्रहार से होता है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम जब ताश के पत्तों की तरह ढह रहा था और भारतीय विमान आकाश में अपनी मर्जी से चित्रकारी कर रहे थे, तब रावलपिंडी के जनरलों ने पहली बार शांति का राग अलापा था। वह हार की तड़प थी जिसे जीत के पदकों के पीछे छिपाने की नाकाम कोशिश की गई। आसिम मुनीर का खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर देना वैसा ही था जैसे कोई डूबता हुआ आदमी खुद को समंदर का राजा कह दे। लेकिन गड्ढे झूठ नहीं बोलते। सैटेलाइट की तस्वीरों ने वह सच दुनिया के सामने रख दिया था जिसे पाकिस्तान की पीआर मशीनरी दबाना चाहती थी।

आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती। ईरान ने पलटवार किया और ऐसा किया कि पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी अड्डों की सुरक्षा की कलई खुल गई। आज होर्मुज स्ट्रेट बंद है। दुनिया की रगों में दौड़ने वाला तेल अब ईरान की मर्जी का मोहताज है। वह देश जो कल तक दूसरे देशों को सुरक्षा की गारंटी बेचता था, आज अपने ही सैनिकों की जान बचाने के लिए उन रास्तों को ढूंढ रहा है जो तेहरान तक जाते हों। ट्रंप का आज का अंदाज बिल्कुल मई 2025 के पाकिस्तान जैसा है। कैमरों के सामने आकर वे अपनी जीत के कसीदे पढ़ रहे हैं, ट्रुथ सोशल पर कैप्स लॉक में अपनी ताकत का बखान कर रहे हैं, लेकिन जमीन की हकीकत उनके दावों का मजाक उड़ा रही है। जब आप हार रहे होते हैं, तो आपकी भाषा में अहंकार और हताशा का एक अजीब मिश्रण घुल जाता है। अमेरिका आज पाकिस्तान के जरिए ईरान को 15 सूत्रीय प्रेम पत्र भेज रहा है, लेकिन तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी सेल्समैन से बात नहीं करेगा। ईरान की शर्तें साफ हैं होर्मुज पर उसका नियंत्रण होगा, अमेरिकी फौजें इलाका खाली करेंगी और नुकसान की भरपाई वॉशिंगटन को करनी होगी। ये शर्तें किसी हारे हुए राष्ट्र की नहीं, बल्कि उस खिलाड़ी की हैं जिसने सामने वाले की पूरी बिसात उलट दी है।

मिडिल ईस्ट में अमेरिका की विफलता केवल सैन्य नहीं, बल्कि रणनीतिक और नैतिक भी है। जिस रडार और एयर डिफेंस के भरोसे अमेरिका अपनी धौंस जमाता था, वे आज मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। अरब देश, जो कभी अमेरिका की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करते थे, अब नए समीकरणों की तलाश में हैं। सऊदी अरब का यूक्रेन के साथ डिफेंस डील करना इस बात का सीधा प्रमाण है कि अब दुनिया को ट्रंप के काड्र्स की असलियत समझ आ गई है। जब घर का मुखिया ही चोरों से अपनी रक्षा न कर पाए, तो परिवार के बाकी सदस्य नए रक्षक ढूंढने लगते हैं। आज वही स्थिति अमेरिका की है। सबसे दिलचस्प भूमिका पाकिस्तान की है, जो अपनी फटीहाली को कूटनीतिक अवसर में बदलने की कोशिश कर रहा है। वह देश जिसने खुद अपनी नाक कटवाई थी, आज अमेरिका और ईरान के बीच बिचौलिए की भूमिका में डॉलर बटोरने के सपने देख रहा है। लेकिन ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस खेल का हिस्सा नहीं बनेगा। ईरान जानता है कि वक्त उसके साथ है। वह चुप है, शांत है और अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग है। उसकी यह खामोशी वॉशिंगटन की बेचैनी को और बढ़ा रही है। जब आपके पास खोने के लिए कुछ न बचा हो, तो आप सबसे खतरनाक योद्धा बन जाते हैं। ईरान आज उसी स्थिति में है।

कार्ल मार्क्स ने सच ही कहा था कि इतिहास खुद को दोहराता है, पहले एक त्रासदी के रूप में और फिर एक मजाक के रूप में। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए त्रासदी थी, और आज फारस की खाड़ी में अमेरिका जो कर रहा है, वह एक वैश्विक मजाक बनकर रह गया है। ट्रंप अब एक सुरक्षित रास्ता ढूंढ रहे हैं जिससे वे अपनी साख बचा सकें, लेकिन ईरान उन्हें वह मौका देने के मूड में नहीं है। वह होर्मुज का पूरा टोल वसूलने के बाद ही चैन से बैठेगा। यह युद्ध मिसाइलों से नहीं, बल्कि सब्र और हौसले से जीता जा रहा है। और फिलहाल, जीत का सेहरा तेहरान के सिर बंधता दिख रहा है, जबकि वॉशिंगटन की चमकती वर्दी पर धूल और हार की कालिख साफ देखी जा सकती है। गड्ढे आज भी वहीं हैं, चाहे वो रावलपिंडी के एयरफील्ड पर हों या ट्रंप की विदेश नीति के सीने पर। सच तो यही है कि सुपरपावर का गुमान अब फारस की खाड़ी की लहरों में दफन हो चुका है।

> **मिडिल ईस्ट में अमेरिका की विफलता केवल सैन्य नहीं, बल्कि रणनीतिक और नैतिक भी है। जिस रडार और एयर डिफेंस के भरोसे अमेरिका अपनी धौंस जमाता था, वे आज मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। अरब देश, जो कभी अमेरिका की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करते थे, अब नए समीकरणों की तलाश में हैं। सऊदी अरब का यूक्रेन के साथ डिफेंस डील करना इस बात का सीधा प्रमाण है कि अब दुनिया को ट्रंप के काड्र्स की असलियत समझ आ गई है। जब घर का मुखिया ही चोरों से अपनी रक्षा न कर पाए, तो परिवार के बाकी सदस्य नए रक्षक ढूंढने लगते हैं। आज वही स्थिति अमेरिका की है।**

# मुंबई में 4 से 7 अप्रैल तक होगा जीजेएस 2026 का भव्य आयोजन

## चंद्रशेखर बावनकुले होंगे मुख्य अतिथि

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) द्वारा आयोजित भारत का प्रमुख बी2बी ज्वेलरी शो जीजेएस अप्रैल 2026 इस बार 4 से 7 अप्रैल के बीच मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में बांद्रा मे आयोजित किया गया है। अक्षय कला - द इटरनल आर्ट थीम पर आधारित इस 9वें संस्करण का उद्घाटन महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के मुख्य आतिथ्य में होगा।

इस प्रदर्शनी में 400 से अधिक प्रदर्शक और 700 से ज्यादा बूथ शामिल होंगे, जबकि 15 हजार से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, यह शो देश-विदेश के ज्वेलरी व्यापारियों और निमार्ताओं को एक मंच पर लाएगा।




बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद शादी सीजन और उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के चलते ज्वेलरी सेक्टर में मजबूती बनी रहने की संभावना जताई गई है। खासतौर पर हल्के गोल्ड ज्वेलरी और डायमंड स्टडेड डिजाइनों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

अक्षय तृतीया और गुड़ी पाड़वा जैसे त्योहारों के आसपास आयोजित होने के कारण इस शो को विशेष महत्व मिल रहा है। इसके तहत मंथनह्ल नामक सेमिनार का आयोजन 3 अप्रैल को किया जाएगा, जिसमें उद्योग से जुड़े नीति निमार्ता, विशेषज्ञ और व्यापारी शामिल होकर विजन 2047 पर चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पैनल चर्चा भी होंगी, जिनमें बिजनेस आसान बनाने, बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता व्यवहार जैसे विषय शामिल रहेंगे।

इसके अलावा 5 अप्रैल को जीजेसी नाइट - ए नाइट ऑफ ग्लैमर एंड नेटवर्किंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ज्वेलरी उद्योग के दिग्गज शामिल होंगे।

इस बार का शो विशेष रूप से बिजनेस को बढ़ावा देने, नए डिजाइनों को प्रस्तुत करने और उद्योग के भविष्य को दिशा देने पर केंद्रित रहेगा। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा भी विशेष सत्र में शामिल होंगे। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े के अनुसार,यह शो केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि भारत की पारंपरिक कला और ज्वेलरी उद्योग के विकास का उत्सव है।

## शातिर चोर गिरफ्तार एक साथ 7 मामलों का खुलासा

**डोंबिवली।** मानपाडा पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को उल्हासनगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में 7 चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने बताया कि 22 मार्च की दरमियानी रात शिकायतकर्ता मोमीन उमर शेख की बंद दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लॉकर से नकदी और दो मोबाइल फोन चुरा लिए थे। इस मामले में मानपाडा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने करीब 95 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी की पहचान की। 29 मार्च को मुखबिर की सूचना पर चक्कीनाका इलाके में जाल बिछाकर 20 वर्षीय अनिल संजू रूपवते को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर कल्याण, डोंबिवली और अंबरनाथ क्षेत्र में 7 घरफोड़ चोरियां करने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके पास से 2.08 लाख रुपये के 12 मोबाइल फोन, एक एक्टिवा स्कूटर और नकदी बरामद की है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस आयुक्त संजय जाधव, पुलिस उपायुक्त अनुरुद्ध शिंदे और सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपान शिंदे की देखरेख में क्राइम टीम के जयपालसिंह राजपूत, सागर चव्हाण, सुनील पवार समेत टीम ने की है।

## भिवंडी में किशोरियों को गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान, अभिभावकों से की अपील

**भिवंडी।** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे गर्भाशय मुख (सर्वाइकल) कैंसर पर रोक लगाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार भिवंडी मनपा ने एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। यह कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर माना जाता है और हर वर्ष हजारों महिलाएं इससे प्रभावित होती हैं। इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय माना गया है। मनपा क्षेत्र में यह अभियान 8 मार्च 2026 से शुरू किया गया है। इसके तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को गार्डासिल-4 टीका का एक डोज (खुराक) मुफ्त दिया जा रहा है। यह टीकाकरण सभी नागरी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ बीजीपी अस्पताल और आईजीएम अस्पताल में प्रतिदिन उपलब्ध है। टीका करण के लिए आधार कार्ड, अपार पहचान पत्र या स्कूल पहचान पत्र में से कोई एक दस्तावेज लाना अनिवार्य है, जिससे यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सके। यह अभियान 8 मार्च 2026 से 8 जून 2026 तक, कुल तीन माह तक चलाया जाएगा। मनपा के सर्वे (सर्वेक्षण) के अनुसार 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 6120 किशोरियों की पहचान की गई है। अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच बनाने के लिए मनपा सक्रिय प्रयास कर रही है। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. गाडेकर ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में अपनी बेटियों को यह टीका लगवाकर उनके स्वस्थ भविष्य को सुरक्षित करें और इस अभियान में सहयोग दें।

## भिवंडी के बी.एन.एन. कालेज में शनिवार को रोजगार मेले में कई बड़ी कंपनियां लेंगी हिस्सा, छात्रों से आनलाइन पंजीकरण की अपील

**भिवंडी।** भिवंडी के बी.एन.एन. महाविद्यालय में शनिवार, 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे से भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। यह आयोजन पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल द्वारा, मैजिक बस फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस मेले में बैंकिंग, वित्त, आईटी, मीडिया और मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेस, हिंदुजा ग्लोबल सोल्यूशन्स, एसबीआई जनरल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आदित्य बिड़ला कैपिटल, पीबीआर आईनॉक्स सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। प्रभारी प्राचार्य डा. शशिकांत म्हालुंकर ने बताया कि यह मेला छात्रों को रोजगार के साथ-साथ कौशल और व्यक्तित्व विकास का अवसर देगा। इच्छुक विद्यार्थियों से 3 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण करने की अपील की गई है।

## CoinDCX ने 100 करोड़ रुपये के डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क की घोषणा की

**मुंबई।** भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल फाइनेंस इकोसिस्टम में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे को देखते हुए CoinDCX ने आज डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क की घोषणा की। इस पहल के तहत कंपनी ने 100 करोड़ रुपये का फंड समर्पित किया है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ता सुरक्षा को मजबूत करना और देश में साइबर सुरक्षा के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करना है। यह घोषणा हाल ही में सामने आए एक मामले के बाद की गई है, जिसमें कंपनी के सह-संस्थापकों को एक फर्जी वेबसाइट coindcx.pro से जुड़े धोखाधड़ी मामले में हिरासत में लिया गया था। ठाणे कोर्ट ने 24 मार्च को उन्हें जमानत देते हुए स्पष्ट किया कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई prima facie केस नहीं बनता और यह धोखाधड़ी पूरी तरह एक नकली प्लेटफॉर्म के माध्यम से की गई थी, जिसका CoinDCX से कोई संबंध नहीं था। CoinDCX के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता और नीरज खंडेलवाल ने बताया कि इस घटना ने डिजिटल इकोसिस्टम की एक महत्वपूर्ण कमी को उजागर किया है—जहां विश्वसनीय कंपनियों और उनकी पहचान का दुरुपयोग करने वाले धोखेबाजों के बीच स्पष्ट अंतर करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। भारत में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2025 में 28.15 लाख साइबरक्राइम शिकायतें दर्ज की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक हैं। इन मामलों में कुल 22,495 करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ, जिसमें से 76% निवेश घोटालों से जुड़ा था। चिंताजनक रूप से, इन शिकायतों में से 2% से भी कम मामलों में FIR दर्ज हुई। इसके अलावा, लगभग 47% भारतीय AI-आधारित स्कैम्स, जैसे वॉइस क्लोनिंग और डीपफेक, का अनुभव कर चुके हैं या ऐसे किसी व्यक्ति को जानते हैं जो इसका शिकार हुआ है। जनवरी 2026 में ही वढकप्लेटफॉर्म के माध्यम से 21.7 बिलियन ट्रांजैक्शन्स प्रोसेस किए गए, जो डिजिटल लेन-देन की व्यापकता और उससे जुड़े संभावित जोखिमों को दशार्ता है। डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क को एक ऐसे साझा प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जाएगा, जो उपभोक्ताओं, नियामकों, टेक प्लेटफॉर्म्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा और धोखाधड़ी को होने से पहले रोकने में मदद करेगा। CoinDCX इस पहल के तहत देशभर में लेन-देन से पहले सावधानी अभियान शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं में डिजिटल वित्तीय सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। इसके अंतर्गत मल्टी-लैंग्वेज शैक्षणिक सामग्री तैयार की जाएगी और इसे स्कूलों, कॉलेजों तथा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। साथ ही, उपभोक्ता संरक्षण संस्थाओं के साथ साझेदारी भी की जाएगी। इसके अलावा, कंपनी एक 24×7 WhatsApp हेल्पलाइन शुरू करेगी, जो सभी के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी, जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता किसी भी संदिग्ध लिंक, प्लेटफॉर्म या ऑफर को लेन-देन से पहले रियल टाइम में सत्यापित कर सकेंगे।

## घाटकोपर पश्चिम में श्री महावीर जयंती और श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भोजनदान और लड्डू का वितरण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आज गुरुवार, चैत्र सुद पूर्णिमा दिनांक २ अप्रैल को राजस्थान गोडवाड़ समाज के घाटकोपर के सबसे पुराने रहिवासी कोसेलाव निवासी मातुश्री शान्तीबेन सुरजमलजी सुन्देशा मेहता हस्ते दिलीप शाह परिवार की तरफ से श्री मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर परिसर, नवरोजी लेन, घाटकोपर (पश्चिम) में 250 से अधिक गरीबों को भोजन और लड्डू मिठाई का वितरण किया गया । बता दें कि कई वर्षों से उनके परिवार द्वारा हर महीने किसी एक दिन या एकादशी या पूर्णिमा को गरीबों को भोजन एवं मिठाई वितरण का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सी.ए.दिलीप भाई शाह (सुन्देशा मेहता) उनकी धर्म पत्नी, श्रीमती रक्षा बेन, उनके सुपुत्र शुभम सुन्देशा और उनकी पोत्री युविष्का सुन्देशा मेहता उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भोजनदान का लाभ उठाया।

## जिलाधिकारी कार्यालय में महा- साधना सप्ताह की शुरूआत, 4 घंटे का प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड के मार्गदर्शन में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में गुरुवार 2 अप्रैल 2026 को महा-साधना सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में निवासी उपजिलाधिकारी सुभाष भागडे ने प्रास्ताविक भाषण दिया। इस मौके पर मार्गदर्शन करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने कहा कि महा-साधना सप्ताह के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों के काम की गति और गुणवत्ता बढ़ाने का उद्देश्य है। जी ओ टी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स केवल औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि यह कौशल विकास के लिए उपयोगी




उपकरण हैं। इसलिए सभी को यह प्रशिक्षण पूरी लगन के साथ पूरा करना चाहिए। साथ ही मोबाइल का अनावश्यक स्क्रीन टाइम कम करके इस समय का उपयोग ज्ञानवृद्धि और काम की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए करना चाहिए, जिससे निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव आयेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (सामान्य) रणजीत देसाई, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (सा) इजाज अहमद शरीक मसलत के अलावा जिला परिषद एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक यह प्रशिक्षण पूरा करने के लिए राज्य सरकार से निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अलावा, महा-साधना सप्ताह के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के अवर सचिवों द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अनुसार, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जी ओ टी कर्मयोगी पोर्टल पर निर्धारित कोर्स पूरे करना अनिवार्य है, और इन कोर्स का कुल समय कम से कम 4 घंटे होना चाहिए। साथ ही, सभी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को साधना सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए आवश्यक निर्देश देने का निर्देश भी दिया गया है। इस उपक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से व्यक्तिगत रूप से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का सरकार की ओर से आह्वान किया गया है।

## भिवंडी में हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में निकली भव्य शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन का कडा बंदोबस्त



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में हनुमान जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बतादें कि कणेरी, ठाणगे आली, चंदनबाग, कामतघर, नवीबस्ती और नेहरू नगर सहित कई क्षेत्रों में मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों को आकर्षक विद्युत रोशनी और फूलों से सजाया गया था।

विश्व हिंदू परिषद और श्री गोपाल गणेश दांडेकर प्रतिष्ठान के तत्वावधान में नवीबस्ती शास्त्रीनगर स्थित हनुमान मंदिर से लकड़ा मार्केट के मार्कंडेय महामुनी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवा झंडे लहराते हुए ह्लजय श्रीरामह्व के जयघोष लगाए। संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरने वाली इस शोभायात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे के नेतृत्व में कड़ा पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया था।

## नगर निगम मुख्यालय में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा मीरा भायंदर नगर निगम मुख्यालय में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और आग लगने की स्थिति में तुरंत और उचित प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान, आग लगने की स्थिति में क्या करना है, इमारत से सुरक्षित बाहर कैसे निकलना है, आग बुझाने की प्रणालियों का उपयोग कैसे करना है और आपातकालीन स्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लाइव प्रदर्शन के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आयुक्त एवं प्रशासक राधा बिनोद ए.



शर्मा, और उप महापौर ध्रुवकिशोर मनसा राम पाटिल ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में घबराए बिना शांत और अनुशासित तरीके से काम करना आवश्यक है। उन्होंने सभी से अग्नि सुरक्षा नियमों को समझने और उनका पालन करने तथा वास्तविक जीवन में ऐसे प्रशिक्षण का उपयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहने की अपील की। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल आकस्मिक आपात स्थितियों में जानमाल के नुकसान को रोकने और क्षति को कम करने में सहायक होते हैं। इनके माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय, तत्परता और तैयारी बढ़ती है। नगर निगम द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे और यह स्पष्ट किया गया कि प्रशासन एक सुरक्षित और सतर्क कार्य संस्कृति के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।


## मीरा भायंदर में ऑटो रिक्शा परमिट का दोबारा होगा सत्यापन: प्रताप सरनाईक

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से लगे मीरा भाईंदर में चलने वाले सभी ऑटो रिक्शा परमिट का दोबारा सत्यापन यानी वेरीफिकेशन होगा। राज्य में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने गुरुवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। उन्होंने 1 मई तक वेरीफिकेशन की रिपोर्ट विभाग से तलब की है। ऐसे में परिवहन विभाग को जारी किए तमाम ऑटो रिक्शा परमिट का पुनः सत्यापन अगले तीन से चार हफ्ते में पूरा करना होगा। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मीरा-भायंदर नगर निगम क्षेत्र के भीतर वितरित सभी रिक्शा परमिटों और बैजों का व्यापक पुनः सत्यापन किया जाए। इतना ही नहीं 1 मई तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक जो खुद इस इलाके से भी काफी ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने यह निर्णय बीजेपी के स्थानीय विधायक नरेंद्र मेहता की तरफ से दी गई शिकायतों के बाद लिया है। गुरुवार को बांद्रा स्थित जिला कलेक्टर कार्यालय में परिवहन मंत्री सरनाइक की अध्यक्षता में राज्य भर के सभी परिवहन अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि हालांकि परमिट जारी करने की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होती है, फिर भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर परमिट जारी किए जाने से संबंधित शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में, मीरा-भायंदर नगर निगम क्षेत्र के भीतर उन घटनाओं की गहन जांच की जाएगी, जहां कथित तौर पर कुछ विदेशी नागरिकों ने फर्जी अधिवास प्रमाण पत्र हासिल करके रिक्शा और टैक्सी परमिट प्राप्त कर लिए।

परमिट जारी करने की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होती है, फिर भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर परमिट जारी किए जाने से संबंधित शिकायतें सामने आ रही हैं। परिवहन मंत्री सरनाईक ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जारी किए गए।

## महाराष्ट्र में पिता ने तीन बच्चों को जहर देकर की खुदकुशी

**सोलापुर।** हाल के दिनों में घरेलू झगड़ों और मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या और हत्या जैसे संगीन मामलों में चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई है। महाराष्ट्र के सोलापुर से लेकर बेंगलुरु और मुजफ्फरनगर तक, पारिवारिक विवादों ने कई हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि महाराष्ट्र के सोलापुर ज़िले में एक 34 साल के सिक्योरिटी गार्ड ने कथित तौर पर अपने तीन नाबालिग बच्चों को जहर देने के बाद खुदकुशी कर ली। यह घटना बुधवार दोपहर ज़िले के तिरहे गांव में हुई। मृतक की पहचान भीमा अन्ना वाघमारे के रूप में हुई है, जो एक सीमेंट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को सोलापुर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वे क्ठव में गंभीर हालत में हैं। पुलिस के मुताबिक, घरेलू झगड़े के चलते वह काफी मानसिक तनाव में था, क्योंकि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। रिश्तेदारों की तरफ से मामला सुलझाने की कोशिशों के बावजूद, उसने कथित तौर पर वापस आने से मना कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, वाघमारे अपने बच्चों को वलसंग के पास स्थित एक खेत में ले गया, जहां उसने कथित तौर पर उन्हें जहर दिया और फिर खुद भी खा लिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों का अभी भी इलाज चल रहा है, और मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि 31 मार्च को, मुजफ़्फ़रनगर के सरवत में एक 32 साल के व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों की हत्या करने के बाद अपने घर पर खुदकुशी कर ली। मृतकों की पहचान इरशाद (32), उसकी पत्नी नौरीन (30), उनके दो साल के बेटे अहिल और उनकी दो महीने की बेटी अक्षा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस संजय कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह घटना घरेलू झगड़े के बाद हुई। रिश्तेदारों ने अधिकारियों को बताया कि पति-पत्नी के बीच इरशाद की बहन, शाहीन के लिए ईद के तोहफे को लेकर झगड़ा हुआ था।एक और चौंकाने वाली घटना में, पुलिस ने बुधवार को बताया कि कर्नाटक के बेंगलुरु में सोलादेवनहल्ली पुलिस लाइंस के पास, अबिगरे में अपने घर पर घरेलू झगड़े के बाद एक 35 साल की सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। अधिकारियों ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। मृतक की पहचान सुषमा (35) के रूप में हुई है, जो पहले ऊ' ' में काम करती थीं। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पाँच साल पहले पुनीत कुमार से शादी की थी और इस दंपति का एक चार साल का बेटा है। पुलिस के अनुसार, घर में छोटी-छोटी बातों पर अक्सर झगड़े होते रहते थे। मंगलवार को, कथित तौर पर सुषमा का अपनी सास कल्पना के साथ खाना बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था।सुषमा के परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी सास उन्हें बार-बार खाना बनाने से रोकती थीं और अलग-अलग बातों पर उन्हें परेशान करती थीं।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजुरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रेक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# नशे में धुत कार सवारों ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक समेत सवारियां घायल

**अरशद अली**

मछलीशहर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के चुंगी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा चालक और उसमें बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।





मिली जानकारी के अनुसार, कार में सवार करीब पांच युवक शराब के नशे में धुत थे और सड़क पर हुड़दंग करते हुए तेज गति से वाहन चला रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे रिक्शा को उन्होंने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन कुछ दूरी पर कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार सवार युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वहीं घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना 1 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला, भाई पर चाकू से वार, एक आरोपी पकड़ाया

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के अमृरोथा गांव में बुधवार रात पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने मौके पर मौजूद उनके भाई पर भी चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व प्रधान चंद्रशेखर राजभर पुत्र स्वर्गीय रामसूरत राजभर रात में पंचायत भवन से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में चार से पांच युवक बैठकर शराब पी रहे थे। जैसे ही पूर्व प्रधान वहां से गुजरे, आरोपियों ने उन पर हमला करने की कोशिश की।






शोर-शराबा सुनकर पास में मौजूद उनके बड़े पिताजी का बेटा मौके पर पहुंचा, जिस पर हमलावरों ने बड़े चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिसे देख हमलावर फरार हो गए। हालांकि, ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जिसकी पहचान गोलू के रूप में हुई है। घायल को परिजनों द्वारा तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# प्रदर्शनी में छेड़खानी का विरोध पड़ा भारी, महिला समेत तीन की पिटाई, वीडियो वायरल

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के जौनपुर मार्ग स्थित एराकियाना मोहल्ले में लगी प्रदर्शनी में छेड़खानी का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंग युवकों ने महिला समेत तीन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र निवासी टिम्मर शाह का 17 वर्षीय बेटा समीर, 20 वर्षीय समीम, जावेद की 30 वर्षीय पत्नी अफसाना, निस्सू और सायना बुधवार शाम प्रदर्शनी देखने एराकियाना मोहल्ले पहुंचे थे। आरोप है कि मेले में मौजूद कुछ मनबढ़ युवकों ने महिलाओं पर छींटाकशी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने समीर, समीम और अफसाना के साथ मारपीट कर दी।

मारपीट के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद समीम की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इसी दौरान किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदर्शनी में आए दिन अव्यवस्था और मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शनी के कारण शाम के समय क्षेत्र में जाम की स्थिति भी बनी रहती है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

# हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ, हवन व भंडारे के साथ मनाया गया महावीर जन्मोत्सव

**शिव पूजन पाण्डेय**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खुटहन थाना क्षेत्र के महमदपुर गुलरा गांव



स्थित हनुमान मंदिर पर महावीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रामचरितमानस पाठ, पूजन, हवन और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर का निर्माण स्वर्गीय गोरखनाथ पाण्डेय की स्मृति में उनके सुपुत्र डॉ. शिवपूजन पाण्डेय (एसोसिएट प्रोफेसर, बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल) व ग्रामीणों के सहयोग से कराया गया था। यहां हर वर्ष महावीर जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान पंडित अवधेश दूबे और गगन दूबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और क्षेत्र में धार्मिक उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर श्रीपाल पाण्डेय, राम आनंद पाण्डेय, अमरनाथ तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, मयाशंकर तिवारी, सोनू तिवारी, प्रधान अवधेश तिवारी, डॉ. ओम प्रकाश दुबे, त्रिभुवन तिवारी, समर सिंह, जितेंद्र पांडे, डॉ. संजीव सिंह, सीए मनोज पांडे, डॉ. सुभाष चंद्र पांडे, कैलाश नाथ पांडेय, संजय दुबे, हरिश्चंद्र पांडे, रोशन पांडे, शिवपूजन पांडे, धनंजय पांडे, प्रमोद पांडे, एडवोकेट राकेश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वीबीएसपीयू के पांच छात्रों का टोयोटा में हुआ चयन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित



ऑटोमोबाइल कंपनी टोयोटा से संबद्ध एसएनजे टोयोटा में हुआ है।गुरुवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा दिए गए ऑफर लेटर को विद्यार्थियों को प्रदान किया। विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के माध्यम से आयोजित इस प्रक्रिया में चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बधाई दी। चयनित छात्रों में एमसीए प्रथम वर्ष की शिवानी मिश्रा को कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद पर चुना गया है। एमबीए के विभिन्न संकायों से रोहित कुमार यादव (बिजनेस इकोनॉमिक्स), सुशील कुमार प्रजापति (मार्केटिंग एवं फाइनेंस), रितिक यादव और संजीव यादव (दोनों फाइनेंस एवं कंट्रोल) का चयन सेल्स ऑफिसर के पद पर हुआ है। प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रदीप कुमार ने भी सभी चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल निरंतर छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करियर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कानपुर में अवैध किडनी रैकेट का खुलासा, पति-पत्नी समेत कई गिरफ्तार

कानपुर (उत्तरशक्ति)। कानपुर में मानवता को शर्मसार करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां अवैध रूप से किडनी निकालकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पति-पत्नी सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो लंबे समय से इस अवैध कारोबार में लिप्त थे।




पुलिस के अनुसार, आरोपी गरीब और जरूरतमंद लोगों को झांसा देकर उनकी किडनी मात्र 6 लाख रुपये में खरीदते थे, जबकि जरूरतमंद मरीजों को यही किडनी करीब 80 लाख रुपये तक में बेची जाती थी। चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे प्रक्रिया में किसी प्रकार का वैध डॉक्यूमेंटेशन नहीं किया जाता था। मामले का खुलासा तब हुआ जब बिहार के एक एमबीए छात्र ने किडनी दान की, लेकिन उसे तय रकम भी पूरी नहीं दी गई। इसके बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और इस बड़े रैकेट का पदार्फाश हुआ। जांच में सामने आया है कि गिरोह सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था और इसमें मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका भी संदिग्ध है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अवैध अंग तस्करी के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# दूध लेकर लौट रहे युवक पर हमला, घर में घुसकर तोड़फोड़ व फायरिंग का आरोप

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, घर में तोड़फोड़ और फायरिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी इब्राहिम ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 मार्च की रात करीब 8 बजे उनका भाई दूध लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रणजीत और बबलू (पुत्र ओमकार शर्मा) ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा और डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के लौटते ही आरोप है कि दोनों आरोपी फिर घर पर आ धमके और ईंट-पत्थर चलाकर तोड़फोड़ करने लगे। आरोपियों ने घर में घुसकर खिड़की-दरवाजे तोड़ दिए और लूटपाट भी की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इस दौरान आरोप है कि हमलावरों ने फायरिंग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व छात्रा जैनब खातून की शादी में जुटे शुभचिंतक, दी शुभकामनाएं

मानीकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के डॉ. वकील नजीर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा जैनब खातून (निवासी मनेछा पूर्वा, खेतासराय) के विवाह समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर खुशी साझा की। कार्यक्रम में कॉलेज के संस्थापक डॉ. वकील अहमद की विशेष उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व शुभचिंतकों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि जैनब खातून ने शिक्षा और संस्कार के बल पर अपने जीवन में नई शुरूआत की है, जो निश्चित रूप से उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला और सभी ने मिलकर नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# पत्रकार को धक्का देकर थाने ले जाने का वीडियो वायरल, एसएचओ पर उठे सवाल

**इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सिकरारा थाना क्षेत्र से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें थाना प्रभारी (एसएचओ) उदय प्रताप सिंह एक पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीड़ित परिवार का पक्ष कवर कर रहे पत्रकार को एसएचओ द्वारा



धक्का दिया जाता है और जबरन थाने ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पत्रकार मौके पर मौजूद पीड़ित परिवार का वीडियो बना रहा था और मामले की सच्चाई सामने लाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान एसएचओ उदय प्रताप सिंह वहां पहुंचे और पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की करते हुए उसे अपने साथ थाने ले गए। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। कई लोगों ने इसे पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी तक पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, स्थानीय पत्रकारों और संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है और अब सभी की नजरें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जफराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उपकरण व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0-68/2026 से संबंधित मामले में नामजद तीनों आरोपियों–नितिन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव और वैभव कृष्ण–को 2 अप्रैल की सुबह करीब 3:35 बजे गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक पेड़ काटने वाली मशीन (ब्लेड सहित), दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, लगभग 35 फीट लंबा रस्सा तथा 200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ भारतीय वन अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# शौच के लिए गई किशोरी लापता, परिजनों ने लगाया अपहरण का आरोप

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 5 बजे उनकी बेटी शौच के लिए घर से बाहर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। चिंता होने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की। साथ ही मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन बंद मिला।

काफी प्रयास के बाद भी किशोरी का कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि खेतासराय थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

इस संबंध में पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुट गई है।

प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही किशोरी को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दादरी-नोएडा रैली में उमड़ा जनसैलाब, 2027 में सत्ता परिवर्तन का दावा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। दादरी-नोएडा में आयोजित समाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में भारी जनसैलाब उमड़ा, जिसे समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जनता का स्पष्ट संदेश बताया। रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं जौनपुर सदर के पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है और वर्ष 2027 में सत्ता परिवर्तन तय है।



उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों से प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं बढ़ी हैं। साथ ही सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि दादरी-नोएडा की यह रैली जनता के असंतोष और बदलाव की इच्छा का प्रतीक है।

मोहम्मद अरशद खान ने विश्वास जताया कि समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में, आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रदेश को विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ाना है।

रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, किसान, मजदूर, नौजवान और आम नागरिक शामिल हुए। नेताओं ने इसे प्रदेशभर में राजनीतिक बदलाव की शुरूआत बताया।

# युवराज सिंह ने किया विद्यालय और परिवार का नाम रोशन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जनपद में एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाने वाले स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह के पौत्र एवं संतोष सिंह (मुंबई उपाध्यक्ष, शिवसेना उत्तर भारतीय संगठन महाराष्ट्र) के पुत्र युवराज सिंह ने जनपद के हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल कुल्हना मऊ की चौथी कक्षा में 94.88 अंक के साथ दूसरा स्थान पाकर स्कूल तथा परिवार का सम्मान बढ़ाया है । स्कूल के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश सिंह, कार्यवाहक प्रबंधक अमित प्रकाश सिंह ,प्रेम प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य, कक्षा अध्यापिका नन्दनी सिंह, कक्षा प्रभारी स्वीटी सिंह के साथ-साथ स्कूल के सभी अध्यापक, कर्मचारी , विद्यार्थी व उनके अभिभावक की उपस्थिति में स्कूल की संस्थापिका श्रीमती मधुलिका सिह द्वारा मेडल व प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया




गया। संतोष सिंह की पुत्री साक्षी सिंह ने भी 82.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम और सम्मान बढ़ाया है ।युवराज सिंह के चाचा अभिनेता आशुतोष सिंह (अजय दीक्षित,फेम बेटवा बाहुबली) ने मुंबई से फोन पर शुभकामनाएं दी। संतोष सिंह के मित्रगण व करीबी रिस्तेदार व युवराज सिंह के नाना कुंवर बीरेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जौनपुर, पूर्व राज्य मंत्री, एमएलसी, जिला परिषद अध्यक्ष), अरविंद कुमार सिंह, रवींद्र सिंह, राजकुमार सिंह ,कुंवर प्रदीप सिंह के अलावा डॉ संजीव सिंह ( प्रधानाचार्य हरगोविंद सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर), वीरेंद्र कुमार सिंह (पूर्वांचल विश्वविद्यालय),अरविंद सिंह (भंडारी रेलवे स्टेशन), कुंवर दीपक सिह. विपिन सिंह , डॉ यामिनी सिह, डॉ सुधीर सिह, रोशन सिह,संजय सिह , डॉ संजय सिह विवेक सिह समेत अनेक लोगों ने युवराज सिंह की शानदार सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

# पार्थ ग्लोबल एकेडमी के होनहारों ने लहराया परचम

## कक्षा 2 और 4 के बच्चों ने स्कूल का नाम किया रोशन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पार्थ ग्लोबल एकेडमी' रूहट्टा पूर्वी सहकारी कॉलोनी के नन्हे सितारों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। हाल ही में घोषित हुए परीक्षा परिणामों में स्कूल के कक्षा 2 के अशियम और कक्षा 4 की अफ़शा और अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान (टॉप पोजीशन) में अपनी जगह बनाई हैं। बच्चों की इस शानदार सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



**बेहतरीन शिक्षा और मार्गदर्शन का परिणाम:** विद्यार्थियों की इस सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि 'पार्थ ग्लोबल एकेडमी' न सिर्फ बच्चों को किताबी ज्ञान देता है, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास (ऑल-राउंड डेवलपमेंट) पर भी विशेष ध्यान देता है। स्कूल के अनुभवी शिक्षकों के सही मार्गदर्शन, आधुनिक शिक्षण शैली और व्यक्तिगत ध्यान की वजह से ही आज यह छोटे बच्चे इतनी बड़ी सफलता हासिल कर पाए हैं।

**अभिभावकों में खुशी की लहर:** बच्चों के पिता ने भी इस सफलता का श्रेय स्कूल के बेहतरीन माहौल और समर्पित शिक्षक वर्ग को दिया है। अभिभावकों का कहना है कि पार्थ ग्लोबल एकेडमी में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए जो प्रयास किए जाते हैं, वे वाकई सराहनीय हैं।

इस खास मौके पर स्कूल के मैनेजर सत्येंद्र प्रताप सिंह और प्रधानाचार्य शिप्रा सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि विद्यालय बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा इसी तरह समर्पित रहेगा।

# शिक्षा चौपाल में गूंजा ज्ञान का संदेश, वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा ने जीता दिल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।सिरकोनी विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय सेहमलपुर में गुरुवार को ह्लशिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सवह्व का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और निपुण भारत अभियान को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने नव नामांकित बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें कॉपी-पेंसिल वितरित कर उत्साहवर्धन किया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अभिभावकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराएं, जिससे शिक्षा का स्तर और बेहतर हो सके। कार्यक्रम के दौरान 20 नए बच्चों का नामांकन भी कराया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रा आरूषि यादव और आयुषी यादव की कलाकृतियां रहीं, जिन्हें मुख्य विकास अधिकारी को भेंट किया गया। उनकी प्रतिभा से



प्रभावित होकर दोनों छात्राओं और उनकी माता को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे अभिभावकों और ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक इरफान खान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही अभिभावकों की सहभागिता को भी मजबूत करते हैं।

विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: 3.45 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो 450 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने अहियापुर मोड़ स्थित राजा साहब के पोखरा के पास छापेमारी की। इस दौरान दो संदिग्धों को पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमल कुमार चौहान (निवासी आसमानपट्टी, थाना लाइन बाजार) और शैलेष कुमार गौड़ उर्फ गोलू (निवासी गहोरा, थाना लाइन बाजार) के रूप में हुई है। दोनों की उम्र क्रमशः 34 वर्ष और 28 वर्ष बताई जा रही है। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जयदीप कोल व पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।


# बुजुर्ग को बचाने में एसआई घायल, बाइक फिसलने से हुआ हादसा



**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जफराबाद थाने में तैनात एसआई संतोष कुमार दुबे (48), पुत्र मकसूदन दुबे, निवासी ग्राम काझा, थाना रानीपुर (जनपद मऊ) ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10 बजे, मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक एक साइकिल सवार बुजुर्ग आ गया। बुजुर्ग को बचाने के प्रयास में एसआई की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# निज स्वरूप का एहसास ही परमात्मा से एकाकार की अवस्था : शांतनु महाराज




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला क्षेत्र में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को भक्तिमय माहौल के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने अपने प्रवचन में जीवन के सत्य, भक्ति और सदाचार का महत्व बताया। कथा के दौरान आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में भक्ति, सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से ही जीवन के कष्ट दूर होते हैं और आत्मा को शांति मिलती है। निज स्वरूप का एहसास ही परमात्मा से एकाकार की अवस्था है। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। कथा के माध्यम से व्यक्ति अपने कर्मों का मूल्य समझता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा पाता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान इंद्रावती सिंह एवं यमुना प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग और उपस्थिति से ही यह आयोजन सफल हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे। मौके पर शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, पूर्व ऊर्जा मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, कुंवर मृगेंद्र सिंह (शिव बाबा), डॉ. दिनेश सिंह, डॉ रमेश सिंह, डॉ उमेश सिंह, सुशील सिंह (साड़ी संसार), सुरेश पांडेय, दुष्यंत मिश्रा, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, समाजसेवी संजय सिंह, पारसनाथ यादव, आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ सपा नेता की चाची के निधन पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**सुइथाकला क्षेत्र के डेहरी गांव पहुंचे विधायक रमेश सिंह, जताई संवेदना, परिजनों को बंधाया ढाढस**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला विकासखंड अंतर्गत ग्रामसभा डेहरी में गुरुवार को वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता डॉ. सूर्यभान यादव की चाची के निधन पर उनके आवास श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। विधायक रमेश सिंह ने परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और आत्मा की शांति की प्रार्थना की। विधायक रमेश सिंह ने सपा नेता की चाची के निधन को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने ईश्वर से आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने भी शोक व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जौनपुर: ससुराल में युवक की मौत, हत्या का आरोप,

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दूहावर गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। भदोही जनपद के फूलपुर निवासी करीब 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार चैहान अपनी ससुराल दूहावर गांव आए हुए थे, जहां उनकी साली की शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि ससुराल पक्ष की मांग पर उन्होंने एक लाख रुपये की व्यवस्था कर दी थी।

बुधवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों को शव पर चोट के निशान मिलने के बाद मामला संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तेलंगाना प्रदेश कार्य समिति के गठन हेतु बैठक संपन्न

**अमित सिंह**

हैदराबाद (उत्तरशक्ति)। तेलंगाना ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के क्रम में डेली हिंदी मिलाप समाचार पत्र के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। एसोसिएशन के तेलंगाना प्रदेश संयोजक एफ.एम. सलीम एवं स्थानीय पत्रकारों से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल कपूर ने तेलंगाना में प्रदेश कार्य समिति गठन एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आम सहमति से डॉ सुषमा देवी एवं के राजना को संगठन का तेलंगाना प्रदेश 'सह-संयोजक तथा अरशद मुहियुद्दीन को तेलंगाना का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया।




के राजना व डॉ सुषमा देवी सह संयोजक एवं अरशद मुहियुद्दीन प्रवक्ता मनोनीत


बैठक में तेलंगाना में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट कर सशक्त प्रदेश कमेटी के गठन, संगठन के उद्देश्यों, पत्रकार-हितों की रक्षा, प्रशिक्षण, सम्मान और सामाजिक दायित्व जैसे विषयों पर गंभीर मंथन किया गया। एफ.एम. सलीम ने तेलंगाना के विभिन्न जिलों में कार्यरत ग्रामीण पत्रकारों से संपर्क की प्रगति से अवगत कराया और शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी गठन का आश्वासन दिया।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों को संगठन के राष्ट्रीय विस्तार के क्रम में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में एसोसिएशन का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार कार्यक्रम निरंतर प्रगति पर है। वर्तमान में देश के 7 प्रदेशों में विधिवत प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो चुका है, जो सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं। वहीं 4 प्रदेशों में प्रदेश संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं, जो क्षेत्रीय पत्रकारों से संपर्क कर शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। गत 15 मार्च को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नूरपुर कस्बे में आयोजित विराट पत्रकार सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक एवं उत्तराखंड के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल कपूर ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का उद्देश्य देश के दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना, उनकी समस्याओं को संगठित रूप से उठाना और पत्रकारिता की गरिमा को मजबूत करना है। संगठन आने वाले समय में प्रशिक्षण शिविर, संवाद कार्यक्रम और सम्मान समारोहों के माध्यम से पत्रकारों को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# पुलिस की मनमानी पर हाईकोर्ट सख्त,तत्कालीन उपनिरीक्षक के वेतन से कटेंगे 10 हजार रूपए ,मालिक को तुरंत गाड़ी लौटाने का आदेश

**केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस की मनमानी कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने केराकत थाने में बिना किसी ठोस कारण के महीनों से बंद ऑटो रिक्शा को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही, इस मामले में दोषी पाए गए तत्कालीन उप-निरीक्षक (रक) सुनील कुमार के वेतन से 10 हजार रूपए की कटौती कर याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया है। केराकत तहसील के ग्राम दुगौली निवासी सुधांशु पुत्र स्व. रामचंद्र का ऑटो संख्या UP 62 BT 5203 16 जुलाई 2025 को केराकत थाना पुलिस ने जब्त कर लिया था। पुलिस का दावा था कि वाहन लावारिस स्थिति में मिला था। जबकि वाहन स्वामी सुधांशु का कहना था कि वह लगातार जरूरी कागजात लेकर थाने के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन पुलिस बिना किसी कोर्ट ऑर्डर के गाड़ी छोड़ने को तैयार नहीं थी। जिसके बाद सुधांशु ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। मामले की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की अदालत ने पाया कि वाहन किसी भी अपराधिक गतिविधि में संलिप्त नहीं था। कोर्ट ने



HIGH

Requisition Information

| Folio No. | Application Date | Case Type | Case No. | Year | Case filed at | Date of Judgment/Order | Court Fee | No.of Pages |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 84964 of 2026 | 31.3.2026 | A227 | 12469 | 2025 | Allahabad | 20.3.2026 | 15.0 | 2 |

| Printed/Prepared by | Authenticated by | Date of Issuance |
|---|---|---|
| Signature :- | Signature :- 31-03-26 A. K. Srivastava | 0 1 APR 2026 |
| Name :- Babboo Kumar Shukla<br>Designation :- Review Officer<br>Employee No. :- E11084<br>Date of Printing:- 31.3.2026 | Name :-<br>Designation :- Section Officer<br>Employee No. :- 7173<br>Authenticated Copy ready on:- | |




तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस को किसी का वाहन बिना किसी कानूनी आधार के अपनी मर्जी से कब्जे में रखने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने पुलिस को वाहन की तुरंत रिहाई का आदेश तो दिया ही साथ ही मनमानी करने वाले तत्कालीन उप-निरीक्षक सुनील कुमार के वेतन से ?10,000 काटकर याचिकाकर्ता को भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि वाहन स्वामी मांग करता है तो वाहन को अवैध रूप से बंद रखने के कारण हुए नुकसान के लिए संबंधित अधिकारियों को हजार्ना देना होगा। हाईकोर्ट के इस कड़े आदेश के बाद, सुधांशु आज गुरुवार को केराकत थाने पहुंचा और

# 4 साल के मासूम बच्चे पर हुए अमानवीय हमले पर विधायक ने की कड़ी कार्यवाही की मांग



**वसई रोड।** वसई में 4 साल के मासूम बच्चे पर हुए अमानवीय हमले ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। एक निर्दयी व्यक्ति द्वारा बच्चे के साथ की गई बेरहमी ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने तुरंत कार्रवाई की। उस समय वह दिल्ली में एक प्रशासनिक कार्यशाला में मौजूद थीं, लेकिन उन्होंने तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क कर पूरी जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने देर रात ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी बात की और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। अगले ही दिन स्नेहा दुबे पंडित मीरा रोड स्थित अस्पताल पहुंचीं, जहां घायल बच्चे का इलाज चल रहा है। उन्होंने बच्चे और उसके परिवार से मुलाकात की और डॉक्टरों से उसकी स्थिति की जानकारी ली। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत में अब सुधार हो रहा है। विधायक ने मेडिकल टीम को बच्चे का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौटेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि ऐसे अमानवीय कृत्यों के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# शराब पीने से मना करने पर युवक पर जानलेवा हमला, 24 घंटे में 5 आरोपी गिरफ्तार

**मो. आसिफ सिद्दीकी**

**मानीकलां जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** खेतासराय थाना क्षेत्र के ग्राम अमरेथुआ में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां शराब पीने से मना करने पर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में घायल सन्दीप राजभर का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल की रात करीब 9 बजे कुछ लोग शराब पी रहे थे। सन्दीप राजभर द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में थाना खेतासराय में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर पांचों नामजद आरोपियों–सचिन




राजभर, विकास राजभर उर्फ भोलू, विकास राजभर उर्फ विकेश, आदित्य राजभर और अमर राजभर उर्फ गोरेलाल–को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को सोंगर पुलिया के पास से दबोचा गया, जब वे भागने की फिराक में थे। गिरफ्तारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय व पुलिस टीम द्वारा की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# समाज के उत्थान के लिए सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी : डॉ रागिनी

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** पॉलिटेक्निक चौराहे पर आयोजित सोनकर समाज की बैठक में बुधवार की देर शाम मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने समाज के लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और युवाओं से मिलकर समाज की एकजुटता और विकास पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में सोनकर समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रागिनी सोनकर ने सभी से संवाद करते हुए समाज की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सभी वर्गों की भागीदारी बेहद जरूरी है। डॉ. रागिनी ने कहा कि सोनकर समाज हमेशा से मेहनती और जागरूक रहा है। हमें मिलकर



अपने समाज के हक और सम्मान के लिए संगठित होकर काम करना होगा। माताओं-बहनों और युवाओं की भागीदारी से ही समाज मजबूत बनेगा और हम विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेंगे। सी उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता पर विशेष ध्यान देना समय की आवश्यकता है, तभी समाज आगे बढ़ेगा। बैठक में समाज के लोगों ने एकजुट रहकर समाज के हितों में कार्य करने का संकल्प लिया और विधायक का आभार व्यक्त किया।

# काशी में उतरेगा विक्रम युग : हाथी-घोड़े, रथ और 200 कलाकारों संग जीवंत होगी सम्राट विक्रमादित्य की गाथा

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** शिव की नगरी काशी एक बार फिर इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों को सजीव होते देखने जा रही है। विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत 3 अप्रैल से बीएलडब्ल्यू मैदान में ह्यसम्राट विक्रमादित्यह्न महानाट्य का भव्य मंचन शुरू होगा। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, परंपरा और गौरव के पुनर्जागरण का महायज्ञ बनकर उभर रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस महानाट्य का शुभारंभ होगा। उज्जैन की ऐतिहासिक धरती से उठी विक्रमादित्य की गाथा अब काशी के मंच पर अपने समूचे वैभव और जीवंतता के साथ प्रकट होगी।

जब मंच पर जीवित होगा इतिहास बीएलडब्ल्यू मैदान में तैयार किए जा रहे तीन भव्य मंच इस आयोजन की विराटता के साक्षी बनेंगे। केंद्र में विशाल मुख्य मंच और दोनों ओर सहायक मंचों पर सिंहासन बत्तीसी, बेताल पच्चीसी और भविष्य पुराण के प्रसंगों के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के अद्वितीय व्यक्तित्व को उकेरा जाएगा। यह प्रस्तुति केवल कथा नहीं, बल्कि एक युग का पुनर्सृजन है–जहाँ न्याय केवल शब्द नहीं, शासन का आधार था; जहाँ ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति अपने उत्कर्ष पर थे।

नवरत्नों की विद्वता, दरबार की गरिमा और राजा के निर्णयों की निष्पक्षता–सब कुछ दर्शकों के सामने सजीव होगा। हाथी-घोड़े, रथ और रोशनी में सजेगा वैभव इस महानाट्य की सबसे बड़ी विशेषता इसकी जीवंतता है। 200 से अधिक कलाकारों के साथ 18 घोड़े, 2 रथ, 4 ऊँट, 1 पालकी और 1 हाथी मंच पर उतरेंगे। युद्ध दृश्य, राजदरबार, धार्मिक अनुष्ठान और लोकजीवन–हर दृश्य वास्तविकता का आभास कराएगा। 400 से अधिक आधुनिक लाइट्स, विशाल एलईडी स्क्रीन और भव्य आतिशबाजी इस आयोजन को दृश्यात्मक रूप से अद्वितीय बनाएगी। दर्शक केवल नाटक नहीं देखेंगे, बल्कि एक युग को जीएंगे। लेफ्ट मंच पर उज्जैन के महाकाल मंदिर की भव्य प्रतिकृति और शिवलिंग पर भस्म आरती का दृश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा। यह आयोजन केवल ऐतिहासिक नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का संगम भी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बाबा विश्वनाथ को विक्रमादित्य वैदिक घड़ीह्न का अर्पण किया जाएगा। यह घड़ी भारतीय कालगणना की प्राचीन परंपरा और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम है, जो समय को सूर्योदय आधारित वैदिक प्रणाली से जोड़ती है।

# वसई में विकास कार्यों का निरीक्षण, पापड़ी मार्केट रोड जल्द होगी तैयार

**वसई रोड।** स्नेहा दुबे पंडित ने वसई वेस्ट के पापड़ी मार्केट, परनाका गौलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। पापड़ी मार्केट में विधायक निधि से बनाई जा रही सड़क के कार्य का भी निरीक्षण किया गया। यह सड़क आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को साफ-सुथरी और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर मरम्मत और सुधार की आवश्यकता पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए गए। इस मौके पर खोचिवड़े, नायगांव और पचूबंदर क्षेत्र की महिला मछुआरों ने विधायक से मुलाकात कर अपने संतोष का इजहार किया और उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं, परनाका से भास्कर अली रोड के लंबे समय से लंबित कार्य को भी अब गति मिली है। लगातार फॉलो-अप के बाद इस सड़क का काम शुरू हो गया है। यह परियोजना Devendra Fadnavis के नेतृत्व में वसई-विरार नगर निगम के फंड से मंजूर हुई थी। कार्य शुरू न होने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद अब निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और इंजीनियरों ने आश्वासन दिया कि अगले 15 दिनों में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। विधायक ने इस दौरान पारदर्शिता और जनभागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय-समय पर विकास कार्यों की निगरानी करें और किसी भी कमी की तुरंत सूचना दें, ताकि वसई के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

# चाकू घोंपने से युवक मरणासन्न, पांच गिरफ्तार

**जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के अमरेथूवा गांव में शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने चाकू मारकर युवक को मरणासन्न कर दिया। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी 30 वर्षीय संदीप कुमार राजभर पुत्र स्व0 राम अधार गांव में ही अपने साथियों के साथ बैठा था कि उसी समय बात बात पर कहासुनी हो गई। इतने में उसके साथ रहे युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर उसके पेट के दाहीने तरफ मार दिया दिया। इतने में वहां अफरातफरी और भगदड़ मच गयौके पर पहुंचे कुछ लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंच गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसकी बिगड़ती हालत को देखकर बेहतर उपचार के लिए वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महज 24 घंटे के भीतर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 अप्रैल को सोंगर पुलिया के पास से पांचों नामजद आरोपियोंकृसचिन राजभर, विकास राजभर उर्फ भोलू, विकास राजभर उर्फ विकेश, आदित्य राजभर व अमर राजभर उर्फ गोरेलालकृको गिरफ्तार कर लिया।








Affiliation Code- 2134064
2026-27
ADMISSION OPEN
Schooll Code- 72085
NEW DELHI PUBLIC SCHOOL
Shaping Generations
NURSERY ONWARDS
Affiliated to CBSE New Delhi
LEARNING BY DOING
Our Facilities
Qualified Teachers
Group Activities
Quality Education
Creative Learning
YOUR KIDS DESERVE THE BEST EDUCATION
Mob.: 9170993826, 7269081017
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101




अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरेपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
24/7 Emergency Services
डा. अरुण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवीं मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)
डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086, 8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर




Reg. No. JNP/228
Mob. 9554188080
ABEEHA
Diagnostic Center
अबीहा
डायग्नोस्टिक
सेन्टर
24/7 Emergency Services
ULTRASOUND
PATHOLOGY
Shahganj Padaw, Pani Tanki, In Front of Mandir, Jaunpur




ISO 9001: 2015 CERTIFIED
आशीर्वाद हॉस्पिटल
डा. विनोद कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( आर्थो सर्जन )
ट्रामा एण्ड ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
दूरबीन (Arthroscopy) विधि द्वारा Ligament Repair (ACL, PCL, Etc.) की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत समस्त रोगों का निःशुल्क इलाज
Policetechnical Chauraha, Jaunpur
9415287571, 8953320461
9838639567, 7839059070
जनपद का प्रथम जापानी तकनीकी से निर्मित अध्यायुविक IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) सेन्टर
ASHIRWAD IVF
& FERTILITY CENTER
Embrance Your Life's Most Precious Gift
डा. अन्जू कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस.कन्सलटेन्ट आल्टरेट्रिक्स &
गायनकोलोजिस्ट एण्ड इनफर्टीलिटी स्पेशलिस्ट
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पता : पालिटेक्निक चौराहा, जौनपुर




मो. 7897031065, 9889373010
लालमनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
स्थान- मेडिकल कॉलेज के सामने, सिद्दीकपुर, जौनपुर.
हमारे अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक
डॉ. दिलीप कुमार सरोज
MBBS-M.S. ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ • On Call
डॉ. चंचला मिश्रा
MBBS-M.S.
स्त्रीरोग विशेषज्ञ • सुबह 10 से शाम 4 तक
डॉ. दिनेश कुमार
MBBS.MD. (GENERAL MEDICINE)
IMS - BHU 24 घण्टे
डॉ. प्रभाकर उपाध्याय
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. सुनील दुबे
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. अरविन्द कुमार यादव
MBBS-M.D.
बाल रोग विशेषज्ञ • प्रतिदिन
उपलब्ध सुविधाए-
OT (MODULAR OT)
VENTILATOR
DIGITAL X-RAY
PATHOLOGY
ICU
ABG
BiPAP
ECG




AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
Vakrangee Kendra
ATM
Withdrawal & Deposit Money from All Bank ( ATM & Adhaar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva Kendra Related Services
Aadhar Card Correction Online
Card nahi?
Scan Karo, Paisa Nikalo!
प्रो- मो0 आसिफ
7860303530, 9616636079
उप- संपादक
डॉ. इम्तियाज अहमद
उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक | मो0- 9695970605
www.uttarshaktinews.com
UTTAR SHAKTI TV NEWS
E Mail- uttarshaktijaunpur7066@gmail.com
Uttar Shakti News Jaunpur
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ. प्र0)


डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN 2026- 27
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो0 राफे शमीम
(M.B.A)
निकट- करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139


जीवन रक्षा हॉस्पिटल
एण्ड रिसर्च सेन्टर
डा0 नवीन कुमार सिंह
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
फ्रैक्चर, गठिया, कमर दर्द ऑथराइटिस, कुल्हाघुटना प्रत्यारोपण इत्यादि रोगो का इलाज
डा0 शिल्पी सिंह
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन ट्यूमर का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा बच्चे की जाँच नार्मल डिलीवरी इत्यादि रोगो का इलाज किया जाता है।
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध
24/7 Emergency Services
नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड जौनपुर (उ.प्र0) 6390303050


TSMH
त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
डा0 जयेश सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)
हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
डा0 स्पृहा सिंह
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद
पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ
नवजात शिशु का आई.सी.यू. एक्सरे, ई.सी.जी. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
नवजात शिशु, हाई रिस्क ओपीडी (प्रत्येक शनिवार) अत्यन्त अल्पविकसित नवजात व गम्भीर स्थिति से भर्ती नवजात के मानसिक एवं शारिरीक विकास का आकलन व उपचार।
अल्पविकसित नवजात शिशु को एक बार अवश्य दिखाए ।
वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस निमोनिया, लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया, डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी नसों में शून्नपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया, हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।
आयुष्मान कार्ड द्वारा नवजात शिशु, बच्चों एवं व्यस्को का निःशुल्क इलाज।
पूर्वांचल के एक मात्र सुपरस्पेसिलिस्ट नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर | 05452-356274, 7992031213, 9026551423 | YouTube @TribhuvanSinghMemorialHospital


EPS EDEN PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATED (10+2) ENGLISH MEDIUM
Nursery to IX & XI Science, Commerce & Art
नूरजहाँ गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल
2026-27 ADMISSION OPEN
Founder/Chairmain
Pervez Alam (Bhutto)
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101


नया सत्र
MODERN CONVENT SCHOOL
From Darkness to Light
Educate A Girl....
Educate A Family....
Best Educationist Award by Deputy CM Shri Brajesh Pathak
मॉडर्न कान्वेंट स्कूल
कक्षा- नर्सरी से 11 तक
अंग्रेज़ी माध्यम
Established Since 1999
With good quality of education
E-mail: modernconventschool007@gmail.com
www.mcsshools.com
प्रवेश प्रारम्भ
प्रबंधक
डॉ0 आबिद खान
2026-27
7518714123
8960117268
7007016231
निकट- हबीब हॉस्पिटल के पास खेतसाराय, जौनपुर


Reg.No.- CMEE2134134
SALVATION HOSPITAL
The Culture of Care
साल्वेशन हॉस्पिटल
A Unit of Solvation Foundation Trust
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर
(वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे NH-56) से 400 मीटर दूरी पर
ECHS
EX. SERVICEMEN CONTRIBUTORY HEALTH SCHEME
QCI
प्रतीक श्रीवास्तव
(मैनेजिंग डायरेक्टर)
डा. विवेक श्रीवास्तव
एम.डी. (फिजिसियन)
Feilposnia in Ots & Gyana
Fellbeship in Dielysis
Meirber of Indian
Medical Association
डा. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. अमित कुमार गौरव
एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम
कार्डियोलॉजिस्ट
आई.एम.एस., बी.एच.यू.
डा. संदीप राय
एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम
गैस्ट्रोलॉजिस्ट
जी.बी. पन्त हॉस्पिटल. न्यू दिल्ली
डा. संतोष कुमार मौर्य
एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी.एम
नेफ्रोलॉजिस्ट
डा. उज्ज्वला
बी.डी.एस. (डेंटिस्ट)
दन्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएँ-
वेन्टीलेटर वाईपैप की सुविधा
ICU भर्ती उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे
पैथोलॉजी/ ECG
हमारे यहाँ आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों को निःशुल्क इलाज व ऑपरेशन किया जाता है।
आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है।
दांतो की सम्पूर्ण जाँच उपलब्ध है। आँखों की सम्पूर्ण जाँच व ऑपरेशन भी होता है।
TPA/Insurance Company के द्वारा कैशलेश की सुविधा उपलब्ध है।
परामर्श हेतु संपर्क करें- 9138828283, 8686867547, 7742913338
www,thesalvationhospital.com salvationhospital@gmail.com Salvationhospital
24/7 Emergency Services
नोट- डी.एम.गेस्ट्रो, काडियो, नेफ्रो को दिखाने के लिए पहले से नम्बर लगायें।